अंचल अधिकारी, बालूमाथ।

# आदेश पत्रक

आदेश पत्रक – ता० सीताराम साव बनाम ननकू साव

अंचल – बालूमाथ, जिला – लातेहार वाद सं०– 17 /2022–23

केस का प्रकार– विविध वाद

| आदेश की क्र०सं० और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कारवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 12-4-2023 | आवेदक सीताराम साव पिता स्व० बिधुन साव ग्राम+पो० मुरपा के द्वारा आवेदन दिया गया है कि मौजा- बालूमाथ के खाता स० 00 115 प्लॉट नं० 1523 रकबा 03 डिसमिल भूमि से संबंधित है। उक्त भूमि को अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार के विविध वाद सं० 16/2021 एवं Criminal Revision No. 25/2021 द्वारा माननीय सेशन जज लातेहार से हमारे पक्ष में निर्णय के बाद अवैध दिवार को ननकू साव पिता सितवा साव द्वारा नहीं हटाया गया है। उक्त न्याय हेतु आवेदन के आलोक में वाद की कारवाई प्रारम्भ की जाती है। उभय पक्ष को नोटिस निर्गत करें। वाद की अगली तिथि को उभय पक्ष उपस्थित रहेंगे। अभिलेख दिनांक 19.4.2023 को उपस्थापित करें। अंचल अधिकारी बालूमाथ | ह० |

Scanned with CamScanner

# कार्यालय अंचल अधिकारी, बालूमाथ (लातेहार)।

## आदेश

प्रेषित,

श्री ननकु साव पिता शीतल साव
ग्राम व थाना बालूमाथ,
जिला लातेहार।

इस कार्यालय में चल रहे विविध वाद संख्या–17/2023 सीताराम साव बनाम ननकु साव के मामले में सभी पहलुओं पर विचार किया गया। अंचल निरीक्षक के प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। आपके पक्ष के अमीन मोतीउर रहमान एवं अंचल अमीन श्री भुनेश्वर प्रसाद के नापी के उपरांत उनकी स्वीकारोक्ति एवं स्थानीय लोगों की स्वीकारोक्ति का अवलोकन किया। जिससे स्पष्ट होता है कि मौजा बालूमाथ के केवाला नम्बर 1010 दिनांक 20.07.1977 के द्वारा पत्नी के नाम से जो 5 डी0 जमीन खरीदा गया है उस पर आपका पक्का मकान वर्ष 1977 ई0 से ही बना हुआ है जिसमें आप सपरिवार निर्विरोध एवं शांतिपूर्ण निवास करते चले आ रहे है। खरीदगी सम्पूर्ण 5 डी0 जमीन पर आपका मकान बना हुआ है। आपके मकान के पश्चिम में जो खाली जमीन है वह आपके खरीदगी 5 डी0 से बाहर है। खरीदगी 5 डी0 के स्थान पर 8 डी0 पर दावा करने का आपका कोई कानूनी अधिकार नहीं बनता है।

इसलिए आपको हिदायत किया जाता है कि कानून अपने हाथों में न लें। 5 डी0 के स्थान पर 8 डी0 पर जबरन कब्जा न करें। आप चाहे तो अपील कर सकते है परन्तु अपने मकान के पश्चिम खाली जमीन पर सीताराम साव के दखल कब्जा में व्यवधान उत्पन्न न करें, अन्यथा यदि कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

18/02/24

अंचल अधिकारी,
बालूमाथ।

Digitally signed by TRIPTI VIJAYA KUJUR
Date: 2024.07.27 13:12:47 +05:30
Location: 192.168.193.91

Scanned with CamSc